हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 30 अप्रैल 2024

04 वर्तमान समय में बेहतर कॉलेज में प्रवेश लेना ...



07 कक्षा 10वीं-12वीं के टॉपर्स विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह ...





## खबर संक्षेप

### निर्वाचन सामान्य प्रेक्षक से मिलने का समय निर्धारित

**नलखेड़ा।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-166, आगर(अजा.) संसदीय क्षेत्र देवास-शाजापुर के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक मोहन राज केपी (आईएएस) द्वारा आमजन से मिलने का समय निर्धारित किया गया है। वे शाजापुर जिला मुख्यालय स्थित विश्राम गृह के लखुन्दर कक्ष में रुके है। उनसे जनप्रतिनिधि एवं सामान्य जन उपस्थिति दिवसों में प्रातः 9.30 बजे से प्रातः 11.30 बजे के मध्य मिल सकते हैं।

### कर्मचारी राज्य बीमा निगम में भर्ती

**सीहोर।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने रेग्युलर स्पेशलिस्ट (एफटीएस), अंशकालिक स्पेशलिस्ट के पदों को भरने के लिए वैकेंसी निकाली है। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट esic.gov.in पर जाकर एप्लाई कर सकते हैं। मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से पीजी डिग्री या समकक्ष, पीजी डिप्लोमा के साथ एमबीबीएस की डिग्री होना चाहिए। मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया, स्टेट मेडिकल काउंसिल के साथ रजिस्टर्ड होना चाहिए।

### नवोदय विद्यालय में 500 शैक्षणिक पदों पर भर्ती

**सीहोर।** नवोदय विद्यालय समिति (एनवीएस) भोपाल ने टीजीटी और पीजीटी के 500 पदों पर भर्ती निकाली है। उम्मीदवार www.navodaya.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। पीजीटी के लिए संबंधित विषय में मास्टर डिग्री, साथ में बीएड होना जरूरी है। टीजीटी के लिए बैचलर डिग्री, साथ में बीएड, सीटीईटी पास होना चाहिए।

### सब इंस्पेक्टर के 452 पदों पर भर्ती

**सीहोर।** रेल मंत्रालय ने सब इंस्पेक्टर (एग्जीक्यूटिव) के 452 पदों पर भर्ती निकाली है। इसके लिए इच्छुक उम्मीदवार अधिकृत वेबसाइट rpf.indianrail-ways.g ov.in पर जाकर 14 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सब इंस्पेक्टर के लिए उम्मीदवार का ग्रेजुएशन होना जरूरी है। अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 28 वर्ष है। अभ्यर्थियों का चयन कम्प्यूटर आधारित टेस्ट, फिजिकल एफिशिएंसी टेस्ट, फिजिकल मेजरमेंट टेस्ट, डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन, मेडिकल टेस्ट के जरिए होगा।

### 38.5 दर्ज हुआ अधिकतम तापमान,

**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटे के दौरान अधिकतम तापमान 38.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। आसमान पर बदल छाने के कारण तापमान में गिरावट दर्ज हुई थी। जानकारी के अनुसार अप्रैल माह के दौरान लगातार कई दिनों तक वेस्टर्न डिस्टरबेंस का प्रभाव देखा गया था।

---

### जिले में 20 मार्च से 231 उपार्जन केन्द्रों पर गेहूं की खरीदी शुरू की गई थी जो अब तक लगातार जारी है

# समर्थन मूल्य पर 4 लाख 54 हजार टन और मंडी में नीलामी में 4 लाख 62 हजार टन गेहूं खरीदा

**इस बार 88 हजार किसानों ने गेहूं बेचने के लिए पंजीयन कराया था इसमें से 55 हजार 845 किसानों ने गेहूं समर्थन मूल्य पर बेचा है**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

गेहूं की खरीदी समर्थन मूल्य के खरीदी केंद्रों और कृषि उपज मंडी में जारी है। लेकिन इस बार कृषि उपज मंडी में भाव अच्छा मिलने के कारण समर्थन मूल्य की खरीदी से मंडी की खरीदी ज्यादा नजर आ रही है।

जानकारी के अनुसार जिले में 20 मार्च से 231 उपार्जन केन्द्रों पर गेहूं की खरीदी लगातार जारी है। यहां 4 लाख 54 हजार टन गेहूं की खरीदी हुई है। सीहोर व आष्टा कृषि उपज मंडी में 4 लाख 62 हजार टन गेहूं खरीदा जा चुका है। जहां उपार्जन केन्द्रों पर सन्नाटा पसरा हुआ है तो वहीं मंडियों में अब भी 10 हजार



क्विंटल से अधिक आवक हो रही है। इसका प्रमुख कारण यह है कि समर्थन केन्द्र से मंडी में गेहूं के भाव अधिक हैं तो भुगतान भी नकद हो रहा है। जबकि उपार्जन केन्द्रों पर भुगतान लेटलतिफ होने के साथ ही ऋण वसूली भी जमकर की जा रही है। जिले की 14 कृषि उपज मंडी व उपमंडी में गेहूं बंपर आवक रही साथ ही भाव भी किसानों के मुफीद रहे।

इस बार 88 हजार किसानों ने गेहूं बेचने के लिए पंजीयन कराया था इसमें से 55 हजार 845 किसानों ने गेहूं समर्थन मूल्य पर बेचा है खरीदी लगातार जारी है लेकिन उपार्जन केन्द्रों पर अब सन्नाटा नजर आने लगा है।


#### लक्ष्य से पिछड़ा उपार्जन

इस बार समर्थन मूल्य पर खरीदी का लक्ष्य सात लाख टन का रखा गया था जिसमें से अभी तक जिले के उपार्जन केन्द्रों पर 4 लाख 54 हजार टन गेहूं करीब 56 हजार किसानों से खरीदा गया। केन्द्रों पर 56 हजार किसानों से खरीदा गया 4 लाख 54 हजार टन गेहूं का 1089 करोड रुपए का भुगतान उनके खातों में होना था लेकिन अभी तक 752 करोड रुपए का भुगतान हुआ है जबकि 337 करोड रुपए का भुगतान अब भी बकाया है। सहायक आपूर्ति अधिकारी सीहोर आकाश चंदेल ने कहा कि समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने वाले 70 फीसी किसानों का भुगतान किया जा चुका है।

---

### 315 मतदाताओं ने मताधिकार का किया प्रयोग

## दिव्यांग एवं 85 प्लस मतदाताओं ने किया अपने-अपने घरों पर मतदान




**नलखेड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 40 प्लस दिव्यांग एवं 85 प्लस मतदाताओं की होम वोटिंग करवाई गई। निर्वाचन कर्मचारियों द्वारा घर घर पहुंचकर उनका मतदान करवाया। सुसनेर विधानसभा के जिन 40 प्लस दिव्यांग एवं 85 प्लस बुजूर्ग मतदाताओं द्वारा पोस्टल बैलेट से मतदान हेतु फार्म भरा था, बीएलओ व अन्य निर्वाचन कर्मचारियों द्वारा उनके घर पहुंचकर मतदान करवाया गया। ऐसे मतदाताओं के घर अस्थाई मतदान केंद्र बनाकर पूर्ण रूप से गोपनीयता के साथ वोटिंग करवाई गई। गौरतलब है कि राजगढ़ लोकसभा अंतर्गत सुसनेर विधानसभा क्षेत्र में 40 प्लस दिव्यांग एवं 85 प्लस बुजुर्ग में से 332 ने होम वोटिंग के लिए फार्म भरे गए थे, रविवार व सोमवार को उनमें से 315 मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया।

### मदिरा की बिक्री प्रतिबंध कर शुष्क दिवस घोषित

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह द्वारा विधानसभा क्षेत्र सीहोर, बुधनी एवं इछावर में 5 मई 2024 की सांय 6 बजे से 7 मई 2024 को मतदान समाप्ति तक इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र आष्टा में 11 मई 2024 की सांय 6 बजे से 13 मई 2024 को मतदान समाप्ति तक मदिरा की बिक्री प्रतिबंध करते हुये शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इसी तरह संपूर्ण जिले में 4 जून 2024 को शुष्क दिवस घोषित करते हुए मदिरा की बिक्री प्रतिबंध किया गया है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिंह द्वारा जारी आदेश अनुसार शुष्क दिवसों में संपूर्ण जिले की परिसीमा में स्थित एवं संचालित समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानों, एफएल-3 होटलबार एवं जिले में स्थित देशी मद्यभाडागार संपूर्ण जिले से मदिरा का आयात, निर्यात, परिवहन, क्रय, विक्रय एवं प्रदाय पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।

## शहर में जल संकट :1 से 2 किमी दूर से ऑटो, साइकिल और वैन से ला रहे पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जल स्तर कम होते ही अब शहर में पानी का संकट बढ़ता जा रहा है। दूसरी तरफ नपा भी दो दिन छोड़कर पानी सप्लाई कर पा रही है। यह समस्या आज की नहीं बल्कि सालों पुरानी है। गर्मी के दौरान तापमान बढ़ने से जल स्तर गिर जाता है। इससे बोर और हैंडपंपों में पानी कम होने लगता है। इसलिए शहर में जल संकट गहरा गया है।

लोग अब एक से दो किमी दूर से पानी लाने को विवश हो रहे हैं। कोई बाइक, साइकिल तो कुछ लोग आटो और वेन से पानी ला रहे हैं। अप्रैल में ही पानी का संकट गहराने लगा है। मई में किल्लत और बढ़ जाएगी।

#### मजबूरी : साइकिल से पानी लेने आए बच्चे

एसपी ऑफिस के पीछे स्थित रहवासी क्षेत्र में भी पानी का संकट है। पानी के लिए लोग परेशान हो रहे हैं। यहां रहने वाली एक बालिका पूजा साइकिल से पानी लेने आई थी। उसने बताया कि पानी की समस्या बनी हुई है। यहां रहने वाले अन्य लोगों ने भी बताया कि पानी की समस्या है।

**परेशानी का कारण :** समस्या इसलिए है कि इस क्षेत्र में बोर से पानी सप्लाई होती है। बताया जाता है कि अब बोर में पानी कम हो गया है। इसलिए बहुत कम समय ही पानी मिल पाता है।

#### ऑटो से ले जाते 11 पानी की केन



इंदौर नाके निवासियों को पानी की परेशानी हो रही है। यहां के निवासी विवेक उत्कृष्ट विद्यालय के सामने लगे बोर्ड से कनेक्टिविटी नलों से पानी भरने एक दिन छोड़कर आता है। विवेक ने बताया कि वह ऑटो में एक बार में 11 केन पानी की भरकर ले जाता है।

**परेशानी का कारण:** इंदौर नाके के पास बनी पानी की टंकी से अभी तक सप्लाई शुरू नहीं हो सकी है। इसलिए यह परेशानी हो रही है।

#### यादव मोहल्ला : वैन से भरने आए पानी



कस्बा क्षेत्र में भी पानी की समस्या है। यहां के यादव मोहल्ले लोग अभी से पानी के लिए इधर उधर जाते हुए दिखाई देने लगे हैं। यहां के जीवन प्रजापति वेन से पानी भरने आए थे। जीवन ने बताया कि वह 15 केन लाया है जिसे भरकर ले जा रहा हूं। दो दिन तक काम चल जाता है।

**परेशानी का कारण:** नगर पालिका दो दिन छोड़कर पानी देती है। यहां पर बोर से पानी दिया जाता है। अब पानी कम होने से समस्या होने लगी है।

## मतदाता पर्ची का वितरण




**नलखेड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार को घर-घर जाकर मतदाताओं को क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची वितरित की जा रही है। कोई भी मतदाता छूटे नहीं, मतदान का यह क्रम टूटे नहीं को लेकर बीएलओ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं अन्य मैदानी अमले द्वारा मतदाताओं को सूचना पर्ची वितरण के साथ आगामी मतदान दिवस पर अपने मतदान केंद्र पर वोट डालने आमंत्रित किया जा रहा है। सोमवार को नगरीय क्षेत्र में बीएलओ द्वारा मतदाता सूचना पर्ची वितरित की गई तथा डोर-टू-डोर मतदाताओं से संपर्क कर उन्हें मतदान के लिए आमंत्रित किया। राजगढ़ लोकसभा अंतर्गत सुसनेर विधानसभा क्षेत्र में आगामी 7 मई को मतदान होना है।

## पार्वती में नहाने के दौरान युवक डूबा, एसडीआरएफ को 30 घंटे बाद मिला शव

**आष्टा।** रविवार को दोपहर में एक युवक ने नहाने के लिए पार्वती नदी में छलांग लगा दी देखते ही देखते युवक नदी में जाते ही डूब गया। सोमवार को 30 घंटे बाद शव मिला है। रविवार को पुलिस मौके पर पहुंची और शाम तक सर्चिंग करती रही है। इसके बाद सोमवार को भी सर्चिंग की गई थी। बताया जा रहा है कि रविवार को युवक नदी के इस किनारे से उस किनारे जाने का कर रहा था प्रयास इस दौरान नदी के बीच में पहुंचते ही डूब गया था। युवक आष्टा के दिपलाखेड़ी गांव का निवासी बताया जा रहा है। बता दें की दोनों थाने की पुलिस भी मौके पर मौजूद रही। पहले तो नगरपालिका की बोट से स्थानीय गोताखोरों की मदद से नदी में डूबे युवक की तलाश की गई।

इसके बाद स्थानीय पुलिस प्रशासन ने एसडीआरएफ को सूचना दी। इस दौरान नदी में डूबे युवक के पुत्र अभिनंदन पारदी ने बताया है



कि मेरे पिताजी मेरे साथ आए थे और वहां पार्वती नदी पर मेरे साथ गए मैं नदी किनारे खड़ा था और उन्होंने कहा कि तू वीडियो बना मैं नदी में तैरकर इस पार से उसे पार जाता हूं मैंने मना भी किया लेकिन पिताजी नहीं माने आखिर नदी में जाने के बाद उनकी सांस फूल गई और वह देखते ही देखते डूब गए थोड़ी देर बाद स्थानीय लोगों को जानकारी लगी, पुलिस भी मौके पर पहुंची और एसडीआरएफ की टीम ने सर्चिंग शुरू की और काफी प्रयास के बाद शव मिल पाया है। एसडीआरएफ की टीम दो दिन तक शव की तलाश करती रही थी।

#### नहाते समय युवक नदी पार कर रहा था डूब गया बेटा और दामाद भी थे साथ

आष्टा थाने के उप निरीक्षक हर्ष सिंह चौहान ने बताया कि नागु पिता कीर्तन सिंह पारदी उम्र 45 वर्ष निवासी दीपलाखेड़ी अपने पुत्र के साथ पार्वती नदी में नहाने आया था वह पुत्र को और दामाद को नदी किनारे बैठकर नहाने गया था और उसने जिद की कि मुझे नदी के इस किनारे से उस किनारे तक जाना है वह जैसे ही नदी के बीच में पहुंचा तो सांस रुकने से डूब गया सर्चिंग की गई। काफी मशक्कत के बाद शव को ढूंढ लिया। एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंच गई थी। शव ढूंढने के प्रयास तेजी से किए गए थे। आखिरकार उसका शव मिल गया।

---

### मतदाता जागरुकता के नारे, गीत और कविता से मतदान करने की शपथ दिलाई

# व्यंजन प्रतियोगिता से मतदाताओं को किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

जिला पंचायत आगर मालवा द्वारा आयोजित प्रधानमंत्री पोषण आहार व्यंजन प्रतियोगिता आगर जिले की सुसनेर एवं नलखेड़ा के स्वसहायता समूहों के साथ सुसनेर में आयोजित की गई, जिसमें दोनों तहसील के स्वसहायता समूहों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। यह कार्यक्रम सॉलीडारीडेड मालवा माटी किसान उत्पादक संगठन के द्वारा स्वयं के कार्यालय पर सुनियोजित तरीके से प्रत्येक समूहों को पर्याप्त टेबल कुर्सी उपलब्ध कराएं गए जिसपर समूहों द्वारा व्यंजनों को सजाकर मतदाता जागरूकता के नारे तथा गीत कविता और मतदान करने की शपथ दिलाई गई।

उक्त कार्य का निरीक्षण प्रधानमंत्री पोषण आहार जिला प्रभारी जिनेन्द्र जैन ने किया जिसमें प्रथम द्वितीय ओर तृतीय श्रेणी वाले समूहों को जिला स्तर पर बहुत अच्छा प्रदर्शन करने का तथा अधिक से अधिक मतदाता



जागरूकता की थीम पर कार्य करने को कहा, इस कार्यक्रम में शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय टीकोन के माँ शारदा स्वसहायता समूह के साथ सहयोग दे रहे नवाचारी शिक्षक सत्यमंगल मांगीलाल कुलश्रेष्ठ ₹अमनर₹ जो एक कवि एवं आकाशवाणी एवं दूरदर्शन के राष्ट्रीय लोक गायक कलाकार भी है इनके द्वारा प्रधानमंत्री पोषण आहार की महानता तथा रुचिकर व्यंजनों की मीनू अनुसार छात्र/छात्राओं को मिलने से छात्र संख्या में वृद्धि तथा कुपोषण से बचाव के साथ लोकसभा निर्वाचन 2024 के स्वीप प्लान मतदाता जागरूकता गीत की रचना कर उपस्थित जनसमूह को सुनाते हुए शत प्रतिशत मतदान करने की अपील हर उम्र के मतदाताओं से करते हुए तथा मतदान को हमारा सबसे बड़ा दान मानकर स्वयं मतदान करे और दूसरों से भी मतदान करने की जिम्मेदारी लेते हुए निष्पक्ष, निर्भीक मतदान कर भारत का नाम विश्व मे सिरमौर करने की प्रार्थना इस गीत में कई गयी एवं स्विप प्लान जिला आगर मालवा के समस्त प्रभारी गणो को बधाईयां देते हुए जिलाधीश महोदय, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा जिला निर्वाचन अधिकारी आदि कर्तव्यनिष्ठ जनों का कवि ने आभार माना ततपश्चात जिला प्रधानमंत्री पोषण आहार अधिकारी जिनेन्द्र जैन द्वारा शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई गई अंत में कार्यक्रम का आभार कुमारी कंचन पाल सॉलीडारीडेड मालवा माटी किसान उत्पादक संगठन ने माना, सहयोग समस्त उपस्थित अधिकारी कर्मचारी एवं स्वसहायता समूहों का रहा।

## शासकीय महाविद्यालय में मतदान की शपथ दिलाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय में सोमवार को परीक्षार्थियों द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर संकल्प लिया गया कि जिनकी उम्र 18 वर्ष है और जिनका मतदाता सूची में नाम दर्ज है, ऐसे मतदाताओं को निष्पक्ष एवं निर्भीक अनिवार्य मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे।

**खबर संक्षेप**

### विवाह सम्मेलन में गवली समाज के 6 जोड़ों का हुआ विवाह



**देवास।** शहर के गवली समाज द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन विगत दिनों किया गया। जिसमें 6 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे हैं। सम्मेलन देवास के गवली मोहल्ला में संपन्न हुआ। सामूहिक विवाह समिति ने बताया कि 6 जोड़े अलग-अलग शहरों से आए थे। पंडित आशीष शर्मा द्वारा विवाह संपन्न कराया गया। सभी दूल्हा दुल्हन ने सर्वप्रथम राधा कृष्ण मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके बाद कार्यक्रम स्थल पहुंचकर परिणय सूत्र में बंधे। कार्यक्रम में शहर सहित आसपास के जिले के करीब 2 हजार लोग शामिल हुए। सामूहिक विवाह सम्मेलन में युवाओं के साथ ही समाज के वरिष्ठ जन भी शामिल रहे।

### दस्तावेज दिखाकर मतदाता कर सकेंगे

**देवास।** लोकसभा निर्वाचन में यदि किसी मतदाता के पास मतदाता सूचना पर्ची नहीं है और उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज है, तो 13 दस्तावेजों मतदाता फोटोयुक्त वोटर आईडी कार्ड, आधार कार्ड, पेन कार्ड, दिव्यांग यूनिक आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन दस्तावेज, पासपोर्ट, पासबुक, फोटोयुक्त सर्विस पहचान पत्र कंपनियों द्वारा जारी) आधिकारिक पहचान पत्र आदि दिखाकर मतदान कर सकेंगे।

## कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं से कलेक्टर ने किया संवाद

# वर्तमान समय में बेहतर कॉलेज में प्रवेश लेना और स्किल का होना जरूरीः गुप्ता

जिले के 180 विद्यालयों में चल रहा है कोडिंग फॉर एवरीवन अभियान। कोडिंग फॉर एवरीवन" अभियान के तहत कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं से कलेक्टर ने किया संवाद।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने शासकीय महारानी चिमनाबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सीएम राइज स्कूल बालगढ़, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राधाबाई एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंगावदा में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं से सीधे संवाद कर उनसे कोडिंग एवं बेहतर कॉलेज चयन तथा प्रतियोगी परीक्षाएं के संबंध में विस्तृत चर्चा की। कलेक्टर गुप्ता ने बताया कि वर्तमान समय में बेहतर कॉलेज में प्रवेश लेना तथा अपने साथ किसी स्किल का साथ होना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि वर्तमान समय में आप रोजगार को किसी स्किल के माध्यम से भी प्राप्त कर सकते हैं। वर्तमान समय प्रगतिशील है।

प्रतिदिन नित नवीन कार्य तथा रोजगार तैयार हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में आपको भी वर्तमान परिस्थितियों में अपने को मानसिक रूप से तैयार कर बेहतर तरीके से आगे बढ़ने का एक जुनून मन में होना चाहिए। लक्ष्य बेहतर हो और इसे प्राप्त करने के लिए आप संसाधन स्वयं एकत्रित करें। यदि कहीं कोई परेशानी आती है तो संबंधित संस्था स्टाफ एवं जिला प्रशासन सहयोग के लिए तैयार है। देवास जिले में शासकीय हाई और हायर सेकण्डरी विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को निःशुल्क डिजिटल एजुकेशन दी जा रही है। जिले के 180 विद्यालयों में कोडिंग फॉर एवरीवन अभियान चलाया जा रहा है। अब तक कोडिंग फॉर एवरीवन अभियान जिले के 435 छात्र-छात्राएं कोडिंग सिखने में सफल हुए है। जिसमें चिमनाबाई स्कूल पहले स्थान, सीएम राईज स्कूल दूसरे स्थान, शासकीय राधाबाई स्कूल देवास तीसरे स्थान और शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिंगावदा चौथे स्थान पर रहा। जिसमें विद्यालयों में छात्र-छात्राओं कंप्यूटर प्रोग्रामिंग (कोडिंग) सीखाई जा रही हैं।


उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश का देवास जिला पहला ऐसा जिला है जहां पर बच्चों को निःशुल्क डिजिटल एजुकेशन दी जा रही है। कोडिंग फॉर एवरीवन अभियान के अंतर्गत शासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों को निःशुल्क डिजिटल एजुकेशन देने के लिए टेलीग्राम बोर्ड पर जोड़ा गया है तथा इसके कंटेंट हिंदी में दिए गए हैं। इस दौरान डाइट प्राचार्य एचएल खुशाल,एडीपीसी ओम प्रकाश दुबे, चिमनाबाई स्कूल प्राचार्य रूचि व्यास, सीएम राईज स्कूल



प्राचार्य देवेंद्र बंशल, शासकीय राधाबाई स्कूल के प्राचार्य राजश्री काले और शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिंगावदा के प्राचार्य अनिल सोलंकी, अभियान के नोडल अधिकारी संजय जोशी, यास्मीन शेख, विजय पटेल, प्रियंका, प्रतीक सहित विद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित थे।

# रैलिंग लगाने के दौरान दो लोगों को लगा करंट

## नाबालिग की हुई मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

घर पर रैलिंग लगाने के दौरान हाईटेंशन बिजली की लाईन से स्टील का पाईप टकरा गया जिसके कारण एक नाबालिग युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा व्यक्ति उसे बचाने गया तो वह भी बिजली के तार की चपेट में आ गया, जिसका उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रौनक पिता राजेश मालवीय उम्र 15 निवासी ईटावा शहर के अनिल श्री नगर में चढ़ाव पर स्टील की रैलिंग लगाने गए थे।

घर के समीप से ही हाईटेंशन लाईन गुजरी हुई है। ऐसे में रौनक स्टील के पाईप को उठाने के दौरान बिजली तार की चपेट में आ गया। उसे बचाने काम कर रहे है,जगदीश प्रसाद पिता मोतीलाल मालवीय उम्र 40 निवासी ईटावा गए लेकिन वह भी बिजली के तार की चपेट में आ गए। दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद रौनक को मृत घोषित कर दिया जबकि जगदीश प्रसाद का उपचार जारी है।

### घर की तीसरी मंजिल पर चल रहा था कार्य

बताया जा रहा है कि अनिल श्री नगर में जगदीश प्रसाद ने नए घर में एसएस स्टील लगाने का कार्य लिया था इनके साथ रौनक भी कार्य करता था सोमवार को घर की तीसरी मंजिल पर कार्य चल रहा था घर के समीप से ही बिजली के तार निकले हुए थे पाईप लगाने के दौरान बिजली के तार में टच हो गया। जिसके चलते रौनक को तेज बिजली का झटका लगा और वहां से चढ़ाव पर गिर गया। मामले में पुलिस जांच में जुटी है।

# 30 प्रशिक्षणार्थियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाकर भरवाए गए संकल्प-पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय एवं बैंक ऑफ़ इंडिया द्वारा संचालित प्रशिक्षण केंद्र स्टार ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान जिला मुख्यालय पर वर्तमान में संचालित महिला वस्त्र निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम के 30 प्रशिक्षनार्थियों को नेहरू युवा केंद्र देवास के सहयोग से आगामी 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव हेतु मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई जाकर संकल्प पत्र भी भरवाए गए।

इस अवसर पर संस्थान के वरिष्ठ संकाय चेतन सोलंकी ने मतदान के महत्व पर चर्चा में बताया कि चुनाव लोकतंत्र का अहम हिस्सा है। चुनाव से ही लोकतंत्र का निर्माण होता है। देश के निवासी ही चुनावों के माध्यम से देश का भविष्य तय करते हैं। मतदान के माध्यम से हम देश के विकास में योगदान दे सकते हैं। एक अच्छे सरकार का चुनाव करने से देश का विकास होता है और देश में शांति और समृद्धि आती है। नेहरू युवा केंद्र समन्वयक अनिल जैन ने भी अपने विचार प्रस्तुत करते हुए बताया कि मतदान का अधिकार एक मौलिक अधिकार है। यह अधिकार हमें संविधान द्वारा प्रदान किया गया है। मतदान के माध्यम से हम अपने देश के प्रतिनिधियों का चुनाव करते हैं। ये प्रतिनिधि हमारी सरकार बनाते हैं और हमारे देश का संचालन करते हैं। इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने मताधिकार का प्रयोग करें और अपने देश के विकास में योगदान दें। इस अवसर पर संस्थान से रीना नाथ, रवि सोलंकी, संगीता राठौर, ऋषिकेश सामाजिक संस्था से प्रेमलता परमार उपस्थित थे।

# शहर की खिलाड़ी लहराएंगी अबू धाबी में तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जु-जित्सु एशियाई यूनियन द्वारा आयोजित आठवीं एशियाई जु-जित्सु चौंपियनशिप 1 मई से 8 मई 2024 तक अबू धाबी में आयोजित होने जा रही हैं मध्य प्रदेश जु-जित्सु संघ के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय कोच विजेंद्र खरसोदिया (एनआयएस) ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जु-जित्सु एसोसिएशन ऑफ इंडिया कि टीम भारतीय खेल मंत्रालय भारत सरकार के मार्गदर्शन में भाग लेने जा रही है भारतीय टीम में मध्य प्रदेश जु-जित्सु संघ के 7 खिलाड़ी एवं 1 ऑफिशियल देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। देवास की महिला खिलाड़ियों द्वारा कई बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करते हुए पदक प्राप्त कर देवास जिले का नाम रोशन किया है। रोहिणी कलम एवं



वैदेही शर्मा इवेंट में दो शो एवं क्लासिक इवेंट में देश का प्रतिनिधित्व करेगी। मध्य प्रदेश के अन्य जिलों से जवान सिंह, आकाश मिश्रा, मोहित सिंह ,प्रचंड जामलिया ,इरफान खान , हर्षिता विश्वकर्मा इन खिलाड़ियों का चयन भी भारतीय टीम के लिए किया गया है। खिलाड़ियों की उपलब्धि पर संस्था के मुख्य संरक्षक देवास विधायक गायक राजे पवार, विक्रम सिंह पवार महाराज देवास, गीता दुर्गेश अग्रवाल महापौर देवास, सुभाष शर्मा, हेमंत शूरवीर जिला खेल अधिकारी खेल एवं युवक कल्याण विभाग देवास, प्रीतम सिंह सोलंकी ,विजेंद्र राणा, प्रेम परमार, रजनीश साहू ,रश्मि कलम ,जितेंद्र पाटीदार ,ऋषभ त्रिवेदी , अनिकेत चौधरी, रेणुका कलम, अजय कुंभकार मनोज मालवीय, विनोद सोलंकी ,ऋतिक सोलंकी, वेदांत खरसौदिया, हुकुम आचार्य, नीरज पाटीदार, बहादुर सोलंकी, जगदीश खरसोदिया, आदि लोगों ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

### स्वीप गतिविधि अंतर्गत मैराथन दौड़ आज

**देवास।** स्वीप गतिविधि मे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत "चुनाव का पर्व देश का गर्व" अन्तर्गत मंगलवार को सुबह 7.30 बजे स्थानीय सयाजी द्वार से मैराथन दौड (रन फॉर डेमोक्रेसी) का आयोजन किया जा रहा है। मैराथन दौड शहर के एमजी रोड एवं प्रमुख चौराहों से निकाली जाएगी, जिसका समापन जवाहर चौक पर होगा। आयुक्त रजनीश कसेरा ने बताया कि मैराथन दौड (रन फॉर डेमोक्रेसी) का आयोजन जिला प्रशासन एवं नगर निगम द्वारा किया जा रहा है। आयुक्त के निर्देशन मे निगम उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया एवं सहायक यंत्री व नोडल इंदुप्रभा भारती एवं निगम के अधिकारी व कर्मचारियों एवं शैक्षणिक संस्थाओं के छात्र छात्राओं एवं अन्य संस्थाओं के साथ मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने हेतु मैराथन दौड निकाली जा रही है। आयुक्त ने सभी सामाजिक संस्थाओं, शैक्षणिक संस्थाओं, व्यापारी प्रकोष्ठ एवं गणमान्य नागरिकों से अपील की है कि वे मतदाता जागरूकता अभियान अन्तर्गत निकाली जा रही मैराथन दौड मे मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अधिक से अधिक संख्या मे भाग लेकर इस अभियान को सफल बनाए।

# डंपर में पीछे से टकराई अल्टो कार, टला बड़ा हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

इंदौर बैतूल हाईवे मार्ग पर स्थित ग्राम बेडामऊ के समीप सोमवार दोपहर को आगे चल रहे, डंपर में पीछे से एक अल्टो कार टकरा गई।जानकारी के अनुसार अल्टो से दो भाई चापड़ा से कमलापुर साप्ताहिक बाजार में आभुषणों कि दुकान लगाने जा रहे थे,इस दौरान आगे एक डंपर चल रहा था, ग्राम बेडामऊ के समीप डंपर चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए जिसके कारण पीछे से अल्टो कार डंपर में पीछे से टकरा गई। कार सामने से क्षतिग्रस्त हो गई, वहीं कार सवार निलेश



सोनी घायल हुआ है,वही अन्य को मामूली चोट आई। सूचना मिलने पर कमलापुर पुलिस एवं डायल हंड्रेड चापडा पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान हादसे में घायल पहले ही निजी वाहन से उपचार के लिए चला गया था। कमलापुर पुलिस द्वारा डंपर को चौकी पर खड़ा किया गया है।

# 5वीं वेस्ट जोन पेंचक सिलाट चैंपियनशिप के लिए टीम हुई रवाना, देवास के 15 खिलाड़ियों सहित कुल 46 खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

पंचगनी जिला सतारा महाराष्ट्र में सेंट पीटर इंटरनेशनल स्कूल में 1 से 3 मई 2024 तक आयोजित होने वाली पांचवी वेस्ट जोन पेंचक सिलाट चैंपियनशिप का आयोजन महाराष्ट्र पेंचक सिलाट एसोसिएशन द्वारा पंचगनी में किया जा रहा है। जिसमें भाग लेने के लिए मध्य प्रदेश की पेंचक सिलाट टीम रवाना हुई। पेंचक सिलाट एसोसिएशन मप्र अध्यक्ष अबरार एहमद शेख और महासचिव अभय श्रीवास ने बताया की मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों के 46 खिलाड़ी उक्त प्रतियोगिता में भाग ले रहे है, जिसमें देवास के 15



खिलाड़ी अपने अपने वर्ग समूह में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे ।देवास के चयनित खिलाड़ी बालिका वर्ग में -लक्ष्मी मालवीय, दिशा रेड्डी, महिमा पटेल, हर्षिल पटेरिया, वैष्णवी झाला, जान्हवी सरकार, गौरी सोनी।बालक वर्ग में-ऋषभ जयसवाल, धैर्य पांडे,अंशु पटेल,आयुष पटेल, जीत वधेर, आर.आर्य सिवास्वामी, आर. क्रिश अन्नामलाई, राज चौहान।कोच हर्ष जयसवाल और रैफरी अमन रिटोलिया होंगे। खिलाडियों के रवाना होने के पूर्व विधायक गायत्री राजे पंवार, विक्रम सिंह पंवार, जिलाध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, मनीष सेन नेता प्रतिपक्ष, प्रमोद, रामदयाल यादव पार्षद, खेल एवम युवा कल्याण विभाग के जिला खेल अधिकारी हेमंत सुवीर, उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य डॉ सुधीर सोमानी, कोषाध्यक्ष संदीप जाधव, टेक्निकल डायरेक्टर रोहित श्रीवास, पूजा खाटवा, शहरून निसा अंसारी, वसीम खान, चित्रांश पुराणिक, रितेश सूर्यवंशी, अंकिता जैन, सौरभ गौतम और खिलाडियों एवं पालकगण ने शुभकामनाएं और बधाई दी।

## महारानी चिमनाबाई स्कूल में बालिकाओं को दी फायर ब्रिगेड की जानकारी

# एक फायर फायटर साहस का प्रतिमान होता हैः अनुभव चंदेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

आदि मानव ने अपने विकास के प्रारंभ में जब जंगल की आग को देखा होगा तो निश्चित ही अन्य प्राणियों की तरह वे भी भयभीत हुए होंगे। लेकिन कल्पना कीजिए कि जब मनुष्य ने आग पर नियंत्रण प्राप्त किया होगा तो उसकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा होगा। अपने प्रकृति नियंत्रण अभियान में आग पर नियंत्रण मानव इतिहास की सर्वकालिक महान घटना है।

तब से लेकर आज तक अग्नि पर नियंत्रण के लिए लगातार नई टेक्नॉलाजी का उपयोग हो रहा है। वर्तमान में अग्नि शमन दस्ते को फायर ब्रिगेड कहा जाता है। फायर ब्रिगेड का अर्थ केवल लाल रंग की गाड़ी नहीं बल्कि पूरे दल को फायर ब्रिगेड कहा जाता है। गाड़ी को फायर टेंडर कहा जाता हैं। ये कई प्रकार के होते हैं। इसमें बड़ी गाड़ी से लेकर मोटर साईकल तक होती है। अत्यंत संकरी गलियों में जहां फोर व्हीलर या अन्य बड़ी गाड़ियां नहीं जा सकती वहां बाईक का उपयोग किया जाता है। आग लगभग पांच प्रकार की होती है। ए क्लास फायर



लकड़ी, कागज, कचरे आदि से उत्पन्न आग को कहते हैं इसे बुझाने के लिये पानी, मिट्टी और रेत आदि का उपयोग करते हैं। बी क्लास फायर पेट्रोल, डीजल, केरोसीन आदि से उत्पन्न आग को कहते हैं। यह आग पानी से नहीं बुझती है। क्योंकि पानी का घनत्व अधिक होता है। सी क्लास फायर एलपीजी, सीएनजी आदि गैसों के कारण उत्पन्न आग को कहते हैं। डी क्लास फायर मैटल और ई क्लास फायर इलेक्ट्रीक फायर होती हैं इसके लिए फोम का उपयोग किया जाता है। गैस सिलेंडर की आग को रोकने के लिए उसे गीले मोटे कपड़े से ढंक दें। शार्ट सर्किट आदि के समय मेन स्वीच बंद कर दें।

एक फायर फायटर साहस का प्रतिमान होता हैं वह अपनी जान की परवाह न कर दूसरों की जान बचाता है। महारानी चिमनाबाई शा.क.उ.मा.वि. देवास में 15 दिवसीय समर केम्प के समापन पर नगर निगम देवास के फायर इंस्पेक्टर अनुभव चंदेल ने उक्त जानकारी देते हुए आग के प्रकार एवं उनको बुझाने की विधि विस्तार से बताई। उपलब्ध फायर टेंडर के सभी यंत्रों की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की मीनल राज भदोरिया, शर्मिता नामदेव, रूचि सेन, स्नेहलता वर्मा, जी.एस. ठाकुर, हितेन्द्रसिह यादव, सीमा कानूनगो, बी एल भाटी, बंशीधर केशवरे सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थीं। स्वागत प्राचार्य रूचि व्यास ने किया। संचालन संजय जोशी ने किया। आभार नीलम पटेरिया ने माना। संयोजन प्रसून पंड्या का था।

# उज्जैन से आई टीम ने किया निर्माणाधीन घाट का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

नगर परिषद करनावद में श्री कर्णेश्वर महादेव मंदिर के पास सेंधला नदी पर घाट का निर्माण कार्य किया जा रहा है। नगर परिषद अध्यक्ष परसराम पाटीदार, उपाध्यक्ष राजेश गोयल के प्रयास से यहां पर नवीन घाट निर्माण की स्वीकृति मिली है, जिसका विगत कई दिनों से निर्माण कार्य चल रहा है। रविवार के दिन उज्जैन के वरिष्ठ अधिकारी मनोज घोष ने टीम के साथ निर्माणाधीन घाट स्थल पर पहुंचकर काम का निरीक्षण किया । घाट निर्माण होने के बाद यहां पर सौंदर्यीकरण का कार्य भी किया जाएगा, जिसका लाभ नगरवासियों को मिलेगा। बता दें कि यहा पर प्राचीन कर्णेश्वर महादेव मंदिर भी स्थित है, जिसके कारण यहां पर श्रद्धालुओं का भी आना-जाना लगा रहता है। निरक्षण के दौरान इंजीनियर व ठेकेदार को दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान नगर परिषद सीएमओ मुरली राठौर ,गौरव सोनी अन्य कर्मचारी एवं पार्षद उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## भाजपा कार्यालय पर भजन संध्या कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**सीहोर।** भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा के द्वारा रविवार को शहर के लीसा टाकीज स्थित भाजपा कार्यालय में भजन संध्या का आयोजन किया गया था। इस मौके पर सीहोर विधायक सुदेश राय, महामंत्री राजकुमार गुप्ता, महिला मोर्चा अध्यक्ष रीतू जैन, महिला नगर मंडल अध्यक्ष सीमा परिहार आदि मौजूद थी। महिला नगर मंडल की अध्यक्ष श्रीमती परिहार ने बताया कि उक्त आयोजन हमारी प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती माया नरोलिया और भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मालवीय के निर्देश पर किया गया था। साथ ही महिलाओं को भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा चलाई जा रहीं जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया। साथ ही लाडली बहना, लाड़ली लक्ष्मी, आयुष्मान भारत, मुख्यमंत्री कन्या विवाह, उज्वला, विधवा पेंशन, स्कूटी, महिला कोष, प्रधानमंत्री मातृ वंदना, जन धन आदि सभी योजनाओं के बारे में समझाया। इस दौरान प्रसादी का वितरण भी किया गया।

### मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक का 80 प्रतिशत काम हुआ पूरा

# वार्ड की पांच हजार से अधिक की आबादी को मिलेगा स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ

वार्ड 15 में सरकारी अस्पताल की सुविधा नहीं है। मरीज के बीमार होने पर दो किमी दूर सिविल अस्पताल जाना पड़ता है। संजीवनी से लोगों को लाभ मिलेगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



आष्टा के वार्ड क्रमांक 15 स्थित बीआरसी परिसर में लाखों रुपए की लागत से बन रहे मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक का काम 80 प्रतिशत तक हो गया है। भवन बनने के बाद इसमें स्वास्थ्य संबंधी सभी सुविधा जुटाई जाएंगी। क्लिनिक तैयार होने के बाद मरीज इसमें आसानी से इलाज करा सकेगा। वार्ड 15 में सरकारी अस्पताल की सुविधा नहीं है। मरीज के बीमार होने पर दो किमी दूर सिविल अस्पताल जाना पड़ता है। अब मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक बनने से वार्ड के लोगों को लाभ मिलेगा।

**दोराबाद में निर्माण जारी**

आष्टा-अलीपुर मोड़ से दोराबाद जाने वाले रास्ते पर भी मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक भवन का काम चल रहा है। इसके बनने से वार्ड क्र. 1 की करीब पांच हजार से अधिक आबादी को फायदा होगा। वार्ड क्र. 2 के मरीज भी इस संजीवनी क्लिनिक में अपना इलाज करा सकेंगे, जिससे राहत मिलेगी। क्लिनिक में डॉक्टर के साथ जांच आदि की भी सुविधा भी मिलेगी। जिसे तैयार करने की जिम्मेदारी नगर पालिका की है।

**यह होगा फायदा**

आष्टा के 18 वार्डों में करीब एक लाख आबादी निवास करती है। वहीं नगर से आसपास के करीब 150 गांव जुड़े हैं। इन जगहों के लोग बीमार होने पर शासकीय सिविल अस्पताल में इलाज कराने आते हैं। इससे अस्पताल में आए दिन भीड़ रहने से मरीजों को इलाज कराने में काफी तकलीफ होती है। मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक के बनने से सिविल अस्पताल में मरीजों की संख्या कम होगी और मरीजों का अच्छी तरह से इलाज हो सकेगा। वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद तेजसिंह राठौर ने बताया कि वार्ड में मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक की बिल्डिंग का काम चल रहा है। कार्य पूरा होने के बाद इसमें सभी तरह की सुविधा जुटाई जाएगी। जिससे कि इलाज कराने में मरीजों को परेशानी नहीं हो।

# कृषि मंडी में अव्यवस्थाओं से परेशान हो रहे किसान

**वसूल रहे मनमानी राशि**

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

कभी ई-मंडी में परेशान किसान अब एक और मामला प्रकाश में आया है। जहां लहसुन प्याज मंडी में कुछ हम्मालों की मनमानी से किसान परेशान हैं। किसानों से कुछ हम्माल शैड में जगह के नाम पर मनमानी राशि वसूल रहे हैं। गौरतलब है कि इन दिनों में कृषि उपज मंडी सीहोर स्थित परिसर में बनी लहसुन प्याज की नीलामी शैड जहां पर किसानों के लिए अपनी उपज बेचने की व्यवस्था की गई है। जहां पर नियम विरूद्ध कुछ हम्माल शैड में पत्थर रखकर जबरन स्थान रोक लेते हैं और उपज बेचने आए किसानों को जगह नहीं मिल पाती है। किसानों को जगह के लिए जगह रोकने वाले हम्मालों को 100 से 300 रूपए तक देने पड़ रहे हैं। देखने में यह आ रहा है कि एक तो किसान को मंडी में उपज बेचने के लिए मंडी टैक्स देना पड़ता है, वहीं अब यह जबरन वसूली के पैसे भी देने पड़ रहे हैं, जबकि जिम्मेदार अफसर किसानों की इस समस्या को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठा पा रहे हैं। इस जबरन वसूली की हम शिकायत भी मंडी में अधिकारियों से कर चुके। हालांकि, इस समस्या का निराकरण नहीं किया जा रहा है, यदि ऐसा ही चलता रहा तो किसान विरोध करेंगे। मंडी प्रबंधन की अनदेखी और खामोशी के चलते कुछ लहसुन प्याज व्यापारियों की मन मानी इस कदर चल रही है, नियमों का ताक पर रख यह व्यापारी सुबह सब्जी मंडी में लहसुन प्याज की खरीदी कर रहे हैं। किसानों को मंडी से बाहर रोककर यह व्यापारी ओने पौने दामों पर लहसुन प्याज खरीदते हैं और नीलामी में इस उपज को बेचते हैं। जिसकी कई बार शिकायत भी हो चुकी है। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। कृष उपज मंडी सीहोर के सचिव नरेन्द्र मेश्राम के कहा कि मुझे अभी इस संबंध में जानकारी नहीं है, किसान मुझसे शिकायत करेंगे, तो विधिवत जांच की जाएगी।

# मुनि संघ को श्रीफल भेंट कर लिया आशीर्वाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शनिवार 27 अप्रैल को हाटपिपल्या दिगंबर जैन समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पहुंचकर परम पूज्यनीय समाधि सम्राट गुरुदेव मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि मौन सागर महाराज, मुनि सागर महाराज एवं मुक्ति सागर महाराज से भेंट कर हाटपिपल्या पधारने हेतु विनती करते हुए श्रीफल भेंटकर आशीर्वाद लिया। मुनि सेवा समिति हाटपिपल्या अध्यक्ष प्रदीप पाटनी, कलश झांझरी, शुभम (विक्की) टोंग्या, सरल सेठी सहित मुनि भक्तों ने मुनि संघ के अलावा ब्रह्मचारिणी मंजुला दीदी से भी भेंट कर मुनि संघ के साथ हाटपिपल्या पधारने का आग्रह किया।

## घरों के ऊपर से निकल रही 11 केवी लाइन लापरवाही से हो सकता है बड़ा हादसा



**सीहोर।** जनपद पंचायत के ग्राम मगरिया में बिजली विभाग की अनदेखी से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। यहां घरों के ऊपर से 11 केवी की लाइन निकली है, जो कि घरों की छत को छू रही है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। गांव के बजरंग मंदिर वाले मोहल्ले में 3 से 4 घरों में 11 केवी के तार घरों के ऊपर निकले हैं। ग्रामीण नारायणी मेहरा का कहना है कि मेरे घर की छत के ऊपर से ही तार जाने से हमारी और हमारी परिवार की जान का खतरा हमेशा बना रहता है। एक बार मुझे करंट भी लग चुका है। वहीं, गांव के राजेश कुमार मेहरा का कहना है कि हम सभी बहुत परेशान हैं इस समस्या को लेकर हमने सरपंच और बिजली विभाग को शिकायत की है, लेकिन अभी तक समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ। लोगों का कहना है कि 11 केवी लाइन को हमारे मकानों से दूर करा जाए नहीं तो कभी भी हादसा हो सकता है।

# मुनि संघ का नेमि नगर में प्रवेश, मंगल विहार किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



परम पूज्य वात्सल्य रत्नाकर समाधि सम्राट मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि मौन सागर महाराज, मुनि सागर महाराज एवं मुक्ति सागर महाराज ने रविवार को सुबह श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर से रवाना होकर श्री नेमिनाथ मंदिर नेमि नगर साईं कॉलोनी पहुंचे और शाम को वहां से हाटपिपल्या के लिए मंगल विहार किया। समाज के बच्चों द्वारा दिव्यघोष तथा मुनि संघ का जयकारा लगाते हुए नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए किला मंदिर से नेमिनाथ मंदिर पहुंचे और वहां पर मुनि सागर महाराज ने शाम को मंगल विहार के पूर्व कहा कि समय के साथ समझ से काम करें।

भाव का महत्व है। जैसे ही सूर्योदय होता है अंधकार का नाश हो जाता है। समाज के नरेन्द्र गंगवाल ने मुनि श्री के आशीष वचन की जानकारी देते हुए बताया कि गुरु मिलना अलग बात है और सतगुरु मिलना अलग बात है। अपने को रास्ता दिखाने वाले ह्रदय को स्वच्छ कराने वाले सदगुरु होते हैं। गुरु का हमें भी अभाव हो गया। चार साल में जैन समाज के अनेक अनुभवी चले गए, लेकिन उनके द्वारा दी गई शिक्षा, दीक्षा है उसका लाभ मिलता रहेगा। पंचम काल है।

जो धर्म से नहीं जुड़े थे,वह नेमिनाथ मंदिर बनने के बाद धर्म और गुरु से जुड़े हैं। मुनि सागर महाराज ने कहा ज्ञान से हम व्यक्ति को धर्म से जोड़ सकते हैं। धर्म सभा में शामिल होने पर ज्ञान बढ़ेगा। स्वाध्याय नित्य करें, स्वाध्याय से कल्याण होगा। कल्याण की भावना रखें। मनमानी नहीं करें दिन में शादी करें, रात्रि भोजन नहीं कराना चाहिए। नेमि नगर से मुनिश्री मौन सागर महाराज का कदम -कदम पर पग प्रक्षालन किया गया।

# घर-घर पहुंच कर बांटी जा रही मतदाता पर्ची, मतदान करने ग्रामीणों को अभियान चलाकर कर रहे जागरूक





हरिभूमि न्यूज ⏭ दोराहा/अहमदपुर

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत कलेक्टर प्रवीण सिंह ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने के निर्देश दिये हैं। जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रंगोली, पेंटिंग, मेंहदी पोस्टर, बैनर, निबंध, क्विज, शपथ सहित विभिन्न प्रकार की मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में ग्राम पंचायत बरखेड़ा हसन में जनपद पंचायत सीईओ नमिता बघेल और दोराहा तहसीलदार के नेतृत्व में सचिव पूनम चंद तिवारी, बीएलओ, आंगन बाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता द्वारा मतदादाताओं के घर-घर जाकर मतदाता पर्ची का वितरण किया तथा वोट करने हेतु शत प्रतिशत मतदान के संकल्प पत्र भरवाए।

इस दौरान शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में बूथ लेवल के सभी सदस्यों की बैठक कर शत प्रतिशत मतदान हेतु विशेष कार्ययोजना तैयार की। जिसके तहत पूरे ग्राम को चार भागों में विभक्त कर बीएलओ के पांच-पांच सदस्यों की टीम बनाई गई। जो मतदाताओं के घर पहुंच कर मतदान केंद्र तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता को केंद्र तक पहुंचाने के लिए व्यवस्था की जाएगी। तथा सभी मतदाताओं के लिए शुद्ध ठंडा पेयजल तथा टेंट लगाकर छाया की व्यवस्था भी की जाएगी। इससे पूर्व रैली निकाल कर नुक्कड़ सभा के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने का भी निर्णय लिया। बैठक में जनपद पंचायत सीहोर की सीईओ तहसीलदार दोराहा, इंजीनियर घोष सर, सचिव पूनम चंद तिवारी, हायर सेकंडरी स्कूल के प्राचार्य संजीव दुबे, छात्रावास प्रभारी,समस्त बीएलओ, शिक्षक, आंगन बाड़ी कार्यकर्ता सहायिका आशा कार्यकर्ता मौजूद रही।

# योग, संयोग और पुण्य था इसलिए आप सभी लोगों को धर्म लाभ मिल रहा हैः मुनि सागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




जिसमें सम्यकत्व आ गया तो उन्हें ज्ञान भी आएगा।योग, संयोग, पुण्य था इसलिए आप लोगों को धर्म लाभ मिला। अपने पुण्य को और अधिक बढ़ाए। मध्य क्षेत्र है, श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन किला मंदिर पर ही सभी साधु - संत आते हैं। गुरुदेव मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज के समाधि स्थल को व्यवस्थित बनवाएं। गौशाला का विशेष ध्यान रखें।

बच्चों की लौकिक शिक्षा के साथ -साथ धार्मिक शिक्षा अर्थात पाठशाला पर भी विशेष ध्यान रखें। सामाजिक, आर्थिक उन्नति हो, सभी में एकता रहे। आष्टा तीर्थ रुप ले। धर्म और मंदिर से जुड़कर समाधि की ओर आगे बढ़ कर कल्याण करें। उक्त बातें श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर विराजित पूज्य गुरुदेव मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि सागर महाराज ने आशीष वचन देते हुए कहीं। मुनि सागर महाराज ने कहा आप सभी आगम में जो बचा हुआ समय है, उसका सदुपयोग कर रहे हैं। शुद्धों उपयोग यही मिलेगा, स्वर्ग में गए तो आपको सदुपयोग मिलेगा।आप लोगों द्वारा अष्ट द्रव्यों से पूजा अर्चना करते हैं। धर्म आराधना करते समय कभी भी आकुलता नहीं करें। जिम्मेदारी युवाओं को सौंप कर धर्म आराधना करने से आकुलता नहीं बढ़ेगी।जो नित्य भगवान की पूजा अर्चना करते हैं वह पुण्य की गांठ बांध रहे हैं। भगवान एवं गुरु जन की पूजन कर अपने भावों को निर्मल कर पुण्य अर्जन अधिक करें।अरिहंत पद प्राप्त करें।आपकी पूजा पूज्य बनेंगी।

आष्टा समाज सहित आष्टा वासियों में धर्म और गुरु भगवंतो के प्रति बड़ी भक्ति दिखाई देती है। आत्मा के कल्याण हेतु आप सभी समय निकाल रहे हैं।आप सभी कभी भी कमजोर नही बनें।समय के साथ आपका और हमारा जीवन कम होता जा रहा है। अधिक उम्र की अपेक्षा करते हैं, तो अधिक धर्म - ध्यान भी करें।दो घड़ी में केवल्य ज्ञान हो जाता है। कर्म काटने का अवसर मिला है।समय का मोल है, जीवन अनमोल है।समय और सानिध्य मिला है। धर्म में समय दे रहे हैं वह स्वयं के लिए है। धर्म जरूरी और अनिवार्य है। क्षमा हमारा स्वभाव है, क्रोध न करें।

**शिक्षा में कला को सार्थक बना रहे नवोदय विद्यालय के शिक्षक अरविंद ठाकुर**


# चित्रकला को ही जीवन में लक्ष्य बनाकर बच्चों को सिखा रहे कला







हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर



ललित कला संस्थान जबलपुर से फाइन आर्ट में मास्टर डिग्री प्राप्त करने के पश्चातअरविंद आदिवासी चित्रकला के जनक जनगण सिंह श्याम पर पीएचडी की है। नवोदय के शिक्षक डॉ अरविंद सिंह ठाकुर का जन्म जबलपुर मध्य प्रदेश में हुआ। इन्होंने चित्रकला को ही अपने जीवन में अपन का लक्ष्य बना लिया और नवोदय विद्यालय में चित्रकला के शिक्षक के रूप में 24 वर्षों अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इनकी चित्रकला के प्रदर्शनी जबलपुर, भोपाल, लखनऊ, बरेली सहित अनेक शहरों में हो चुके हैं। इनकी चित्रकला को बहुत लोगों द्वारा ने पसंद किया गया है। साथी अखबार पत्रिकाओं में भी अरविंद के चित्र प्रकाशित होते रहते हैं। कला के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए पूर्व में नवोदय विद्यालय समिति द्वारा क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा गया है। डॉ अरविंद कहते हैं की चित्रकला के गुरु के रूप में स्वर्गीय राम मनोहर सिंह, स्वर्गीय विष्णु चौरसिया, स्वर्गीय राजाराम, देवीलाल पाटीदार, हरि भटनागर जैसे महान का कलाकारों का संरक्षण प्राप्त रहा है। अरविंद को भी चित्रकला में विषय चुनने में जरा भी परेशानी नहीं होती।

वह कहते हैं की विषय मेरे आस-पास ही रहते हैं। उनके चित्रों में प्रकृति पुरुष ग्रामीण और नगरी जीवन, स्त्री सौंदर्य, संघर्ष चित्रों में जीवन की विधाओं का अंकन दिखता है। इनके रेखांकन में बड़ी कलात्मक के साथ-साथ बोलने वाले आदिवासी और ग्रामीण जीवन की कृतियां बनाते हैं। चित्रों में स्त्री के विभिन्न रूपों की प्रवृत्ति अधिक दिखाई देती है।

यह ऐसे कलाकार जिनकी सोच में भारतीय जीवन की आत्मा बसती है। जीवन की विशेषताओं को भी चित्रित करते हैं। इनका मानना है कि ग्रामीण छात्र-छात्राओं में असीम संभावना है। वे पढ़ाई में तो अव्वल हैं ही साथ ही खेल संगीत और कला मैं भी अपना जौहर समय-समय पर दिखाते रहते हैं। चित्रकला के क्षेत्र में अनेक छात्रों ने प्रदेश स्तर पर बेहतर प्रदर्शन किया है। वर्तमान में विद्यालय सौंदर्यीकरण को लेकर वॉल पेंटिंग के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं छात्रों की सर्वांगीण विकास में विद्यालय प्राचार्य डॉक्टर के एस बघेल, उप प्राचार्य रीता खत्री का विशेष सहयोग रहता है। जहां विद्यालय में उच्च कोटि की शिक्षा दी जाती है। वही कौशल विकास का भी विशेष ध्यान रखा जाता है।

## कक्षा 10वीं-12वीं के टॉपर्स विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह भेंटकर किया सम्मान




हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के बजरंग कॉलोनी में स्थित टॉपर्स पॉइंट कोचिंग आष्टा द्वारा टॉपर्स विद्यार्थियों का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया। सम्मान समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में धनंजय जाट उपस्थित रहे।

संचालक जगदीश मेवाड़ा ने विद्यार्थियों को अलग-अलग सभी फील्ड की जानकारी देते हुए कहा कि आप अपने जीवन में वही करें जिसमें आपकी रुचि है आपको आगे चलकर किस फील्ड में जाना है यह आप तय करें एवं माता-पिता व टीचर्स का हमेशा सम्मान करें एवं उनके बताए हुए मार्गदर्शन पर चले। आगे जगदीश मेवाड़ा में कहा कि सत्र 2023-24 में संस्था के होनहार छात्र मोहित बघेल ने कक्षा दसवीं में 95.4% अंक प्राप्त कर जिले में तृतीय स्थान प्राप्त कर संस्था को गौरान्वित किया है। कक्षा दसवीं की छात्रा प्रज्ञा गोड 92%, सुजल कुशवाह 92%, अर्जुन मेवाड़ा 91%, अभिषेक वर्मा 91%, कक्षा 12वीं का छात्र विकास मेवाडा 91%, कक्षा आठवीं की छात्रा रिद्धिमा मेवाड़ा 90%, हर्षित चौरसिया 89.3, प्रियांशी नागेश्वरी 87.3%, प्रेरणा सेन 86.5% अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की।

### जर्जर इमारतों को डिसमेंटल करने से रिक्त हुए बड़े प्लॉटों का मामला

# मुख्यालय पर कचराघरों की तरह उपयोग हो रहे शासकीय रिक्त भूखंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ मुख्यालय स्थित अधिकांश शासकीय भवन लोक निर्माण विभाग के स्वामित्व में हैं। पूरी तरह से जर्जर हो चुके छह शासकीय आवासों को लोक निर्माण विभाग ने करीब आठ-नौ माह पूर्व डिसमेंटल (तुड़वाया) था ताकि इन भूखंडों को बाद में नगर पालिका के हैंडओवर कर यहां विकास कार्य जैसे पार्किंग, कॉम्पलेक्स आदि निर्माण करवाए जा सकें। लेकिन, शासकीय आवासों को तुड़वाने के बाद लोक निर्माण विभाग ने उन्हें लावारिस हाल में छोड़ रखा है। इन रिक्त भूखंडों पर आसपास के रहवासी कचरा, मकानों का अनुपयोगी मटेरियल सहित ऐसे ही दूसरे सामानों को फेंक रहे हैं। इन भूखंडों पर क्या बनाया जाए या बाउन्ड्रीवाल ही करवा दी जाए ऐसी कोई प्लानिंग फिलहाल तक न तो पीडल्यूडी एवं न ही नगर पालिका ने की है।



#### पुरा क्षेत्र, किला, मेन मार्केट के भूखंड पर भी कोई विकास कार्य नहीं

काशीपुरा क्षेत्र में मेमोरियल गेट के पास की शासकीय इमारत को भी कुछ अर्से पहले पीडल्यूडी ने तुड़वाया था। यह भूखंड भी वर्तमान में खाली ही पड़ा हुआ है। इसी तरह किला क्षेत्र में सत्यनारायण सराफ की दुकान के बगल वाला खाली भूखंड भी अभी तक पीडल्यूडी के स्वामित्व के हैं जहां कब्जा होने की पूरी संभावना बनी हुई है। मेन मार्केट में शिवजी की छतरी के पास के दो शासकीय भवनों/आवासों को भी पीडल्यूडी ने आठ महीने पहले तुड़वाया था। ये दोनों भूखंड भी ऐसे ही पड़े हुए हैं। अगर उक्त सभी खाली भूखंडों पर काम्पलेक्स, पार्किंग या अन्य विकास कार्य करवाया जाए तो इनका बहुत अच्छा सद्उपयोग हो सकता है।

#### इनका कहना है

आप जिन पांच, छह खाली भूखंडों की बता रहे हैं वे अभी तक नपा के स्वामित्व में नहीं हैं। इसकी प्रक्रिया पीडल्यूडी को ही करनी है। नपा के स्वामित्व पर आने पर बहुत से अच्छे काम हम यहां करवा पाएंगे।

**- रवि गुप्ता, सीएमओ, नगर पालिका, राजगढ़**

पीडल्यूडी स्वामित्व के भवनों, भूखंडों को नगर पालिका को दे देंगे लेकिन पहले उन्हें यह प्रस्ताव शासन को भेजना होगा। फिर नगर पालिका किसी भी काम या विकास कार्य में उनका उपयोग कर सकती है।

**- आकाश दुबे, कार्यपालन यंत्री, पीडल्यूडी, राजगढ़**

#### पुरानी तहसील के भूखंड पर रोजाना डाला जा रहा कचरा

स्थानीय पारायण चौक के नजदीक पुरानी तहसील कहलाने वाले भवन को आठ महीने पहले लोक निर्माण विभाग ने तुड़वाया था। भवन तुड़वाने के बाद जो मलबा, मटेरियल निकला था, वह आज भी वहीं पर पड़ा हुआ है। अब यह भूखंड आसपास के रहवासियों द्वारा कचराघर की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है।

#### कन्याशाला के सामने का भूखंड भी इसी हाल में

मार्केट में कन्याशाला शाला स्कूल के ठीक सामने के दो शासकीय आवासों को पीडल्यूडी ने डिसमेंटल करवाया था। सात, आठ माह से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी न तो पीडल्यूडी ने मलबा, मटेरियल को हटवाया और न ही खाली भूखंड पर कोई विकास कार्य करने के बारे में सोचा गया है।

## राज्यमंत्री टेटवाल ने सिविल अस्पताल का निरीक्षण कर दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सिविल अस्पताल सारंगपुर में कई दिनों से दवाईयों की कमी के चलते मरीज काफी परेशान हो रहे थे। डॉक्टरों द्वारा अस्पताल में दवाई गोली उपलब्ध नहीं होने से उन्हें मार्केट की दवाईयां लिखनी पड़ रही थी। शनिवार को एक व्यक्ति को बीमार होने पर उपचार के लिए सारंगपुर सिविल अस्पताल में भर्ती हुए उनको भी ड्यूटी डाक्टर ने बाहर की दवाई लिख दी। जैसे ही इसकी जानकारी राज्य मंत्री एवं सारंगपुर विधायक गौतम टेटवाल को लगी तो सुबह लगभग 11 बजे सारंगपुर के सिविल अस्पताल पहुंच गए) जहां उन्होंने अस्पताल के डॉक्टर को फटकार लगाते हुए स्टॉक रजिस्टर एवं दवाई वितरण करने वाले कर्मचारी से भी चर्चा की। साथ ही मरीजों को समय पर दवाई उपलब्ध कराने के लिए सख्त निर्देश दिए। इतना ही नहीं मंत्री टेटवाल ने अस्पताल के एक्सरा मशीन सहित अन्य वार्डो का निरीक्षण कर मरीजों की समस्याएं सुनी और कई दस्तावेजों की फोटो कॉपी कर अपने साथ ले गए, साथ ही जिला स्वास्थ्य अधिकारी को भी फोन पर निर्देशित किया कि आज ही अस्पताल का निरीक्षण करें और सारी अव्यवस्थाओं को दुरुस्त करें। मंत्री टेटवाल के अस्पताल पहुंचने से अस्पताल में मौजूद मरीज और आम जनता में व्यवस्थाएं सुधारने की उम्मीद जगी है।

#### इनका कहना है

वर्तमान में सबसे ज्यादा जिन बाटलों की जरुरत है हमें जिला स्तर से डिमांड अनुरूप वह उपलब्ध नहीं हो रही है। इसके कारण दिक्कते आ रही हैं। यदि हमें पर्याप्त दवाईयां मिलेगी तो हम सभी मरीजों का बेहतर ढंग से उपचार कर पाएंगे। मंत्रीजी को हमारे द्वारा समस्या से अवगत करा दिया गया है।

**डॉ .मनीष चौहान, सिविल अस्पताल अधीक्षक, सारंगपुर।**

हमने रविवार को सिविल अस्पताल का निरीक्षण कर मरीजों को बेहतर से बेहतर उपचार देने और अस्पताल से समस्त जरुरी दवाईयां देने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है।

**गौतम टेटवाल, सारंगपुर विधायक एवं राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, मप्र शासन।**

## जहरीला पदार्थ खाने से एक व्यक्ति की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत समीपवर्ती ग्राम पिपल्या बिजारेल निवासी एक व्यक्ति ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त की। जानकारी के अनुसार पिपल्या बिजारेल निवासी पवन टेलर (40) ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ निगल लिया। जहर निगलने से उसकी हालत बिगड़ गई। गंभीर हालत में उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का रविवार की सुबह पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच शुरू कर रही है।

### अतिथियों ने नवदम्पतियों को आशीर्वाद देकर उज्जवल भविष्य की कामना की

## 22वां फूलमाली समाज खिलचीपुर का 27 जोड़े का आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन हुआ आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

25 अप्रैल को 22वां फूलमाली समाज खिलचीपुर के द्वारा 27 जोडे का आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन गोपाल बैरागी के खेत खांडी बावड़ी मार्ग पर सम्पन्न हुआ। सर्व प्रथम सम्मेलन समिति द्वारा भगवान रघुनाथ जी महाराज को मंदिर से लेकर सम्मेलन स्थल पहुंचे जहां पर पंडित नीरज शर्मा द्वारा पुजा अर्चना विधि विधान द्वारा करवाकर कथा का रसपान कराया गया। तत्पश्चात सभी जोड़ों के माता पिता ने सगाई रस्म अदा कर सभी नव युगल दुल्हा दुल्हन ने मंच पर एक-दूसरे को वरमाला पहनाई एवं नगर परिषद अध्यक्ष राम-जानकी रामकरण मालाकार ने सभी जोड़ों को भगवान श्री राम प्रतिमा भेंट की। वहीं फुलमाली समाज मंदिर पंडित बंकटलाल बैरागी एवं पंडित नीरज शर्मा द्वारा सभी दुल्हों से तोरण मरवाकर वैधीक मंत्रोच्चारण करवाकर विधि विधान पूर्वक उनके सात फेरे करवाएं गए।

इस दौरान मुख्य अतिथि पूर्व ऊर्जा मंत्री प्रियव्रत सिंह का सम्मेलन समिति द्वारा पुष्पमाला एवं साफा बांध कर स्वागत किया गया। वहीं श्री सिंह द्वारा ने वर-वधुओं के नव दाम्पत्य जीवन की शुभकामना प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान सम्मेलन समिति अध्यक्ष मनोज मालाकार द्वारा भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, सांसद प्रत्याशी रोडमल नागर, भाजपा विधायक हजारीलाल दांगी, अंशुल तिवारी, अलोक पांडे, आशीष तिवारी, साहू समाज समिति का स्वागत किया गया।

इस अवसर फूलमाली समाज संगठन जिला अध्यक्ष जगदीश पुष्पद, महेश पुष्पद,कमल मंत्री, राजेन्द्र पुष्पद, सोशल ग्रुप संभाग प्रभारी नरसिंह पुष्पद, सोशल ग्रुप प्रदेश महामंत्री दीपक पुष्पद जीरापुर, संभाग प्रभारी नरसिंह पुष्पद, सोशल ग्रुप जिला अध्यक्ष अजय मालाकार जीरापुर , मुकेश पुष्पद ,निर्धन साहयता कौष जिला अध्यक्ष राधेश्याम पेंटर बखेड, रामबाबू पुष्पद करेडी, शिव पुष्पद रामपुरिया, रामचरण पुष्पद, बाबू पुष्पद छावनी, दिनेश सुमन, सचिन सुमन, सुनील सुमन, मंच का संचालन विमल मालाकार, गोपाल मालाकार के द्वारा किया गया। इस मौके पर मुरली मालाकार (बैंक) मालाकार, पवन मालाकार, नीरज मालाकार, वीनोद मालाकार, मनोहर मालाकार, महेश मालाकार पत्रकार, सुरेश मालाकार, आदि समाज जन उपस्थित रहे।सम्मेलन समिति की बेहतर व्यवस्थाओं ने समाज बंधुओ को आकर्षित किया।

## अमृता राय पहुंचीं इकलेरा नवविवाहितों को दिया आशीर्वाद



**इकलेरा।** रविवार को अमृता राय ने आदर्श मालवीय (बलाई) समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में पहुंचकर सभी नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद वा बधाई दी। इस मौके पर सर्व मालवीय समाज के पदाधिकारीगण ने उनका स्वागत किया। साथ ही अमृता राय ने इकलेरा अमनगर में महिलाओं के साथ संवाद किया। इस मौके पर ब्लाक अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद पालीवाल, मंडलम अध्यक्ष राजेंद्र विजयवर्गीय, पूर्व जिला पंचायत सदस्य ओम पाटीदार, पालड़ियादान प्रभारी पिंटू पाटीदार, इकलेरा नगर अध्यक्ष नमन पाटीदार, युवा कांग्रेस नगर अध्यक्ष प्रदीप महोबे, एनएसयूआई नगर अध्यक्ष कार्तिक चौधरी, गनी खा, रामचंद्र पाटीदारराहुल पाटीदार, विनोद वैष्णवसुरेश सोलंकी, धीरजपाटीदार, रफीक खा, महेश प्रजापति,हरिओम टेलर, अब्दुल नेता, कृष्णा प्रजापति,गोविंद मालवीय एवम अन्य लोगों ने स्वागत किया।

## मारवाड़ी महिला मंडल ने बच्चों को भोजन कराया, बांटी शिक्षण सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा




अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला मंडल शाखा ब्यावरा की महिलाओं द्वारा बच्चों के विकास और शिक्षा के लिए राष्ट्रीय स्तर से निर्धारित बाल विकास एवं ज्ञानदीप कार्यक्रम के राष्ट्रीय निर्देशानुसार इंदिरा नगर कॉलोनी में चल रहे शासकीय माध्यमिक विद्यालय में जाकर सभी बच्चों को भोजन कराया और उन्हें शिक्षा के लिए नियमित स्कूल आने को प्रेरित करने के लिए शिक्षण सामग्री वितरित की। साथ ही विद्यालय पुस्तकालय बच्चों की किताबें, रेफरेंस बुक, नोट्स, कॉम्पीटिशन एग्जामिनेशन बुक, स्टोरी बुक आदि किताबें दान की, ताकि बच्चों की एक नई नींव तैयार हो सकें। ज्ञानदीप एवं बाल विकास कार्यक्रम द्वारा महिला मंडल का यह प्रयास हैं कि बच्चों के सुंदर भविष्य निर्माण कर सकें। शिक्षा के माध्यम से बच्चों में ऐसी ज्योत जगाएं की बच्चें भविष्य में पढ़ लिखकर कुछ कर पाएं। कार्यक्रम में डॉ. नमिता जैन, सुनीता अग्रवाल, सविता अग्रवाल, श्रीमती अनिला, शीला अग्रवाल, मोना जैन, पूनम, सरोज, प्रेमलता, मंगला, एकता मित्तल, मारवाड़ी महिला मंडल की सभी मातृशक्ति सदस्यो ने सेवा कार्यों में अपना योगदान दिया।


## ग्राम बीजापुरा में बुजुर्ग ने लगाई फांसी कई सालों से घर में अकेला रहता था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



लखनवास के मलावर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बीजापुरा में बुजुर्ग ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बुजुर्ग घर में अकेला रहता था। बीजापुरा गांव वालों ने सुबह देखा तो फांसी के फंदों पर लटका हुआ था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जानकारी के अनुसार भंवर लाल पिता काशीराम देसवाली मीणा ग्राम बीजापुर उम्र 64 साल कई वर्षो से घर में अकेला ही रहता था। शनिवार शाम को अपने ही खेत की मेड पर खड़े नीम के पेड़ से लटक कर फांसी लगा ली। सुबह गांव वालो ने देखा तो उनके परिजन जो कानरखेड़ी गांव में रहते हैं। उनको सूचना दी गई। इसके बाद भीड़ इकट्ठी हो गई सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच कर पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए शासकीय अस्पताल ब्यावर रवाना किया गया भंवर लाल घर में अकेला रहता था भंवर लाल की शादी भी नही हुई थी। घर में अकेला रहकर अपना जीवन यापन करता था। पुलिस ने अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया।

## नरसिंहगढ़ कृषि उपज मंडी में आए दिन होती किसानों की उपज चोरी



**नरसिंहगढ़।** किसानों ने चोर को पकड़ कर पुलिस के हवाले किया। नरसिंहगढ कृषि उपज मंडी में लगातार हो रही किसानों की उपज चोरी प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार को ग्राम बकानी निवासी मांगीलाल वर्मा अपनी लहसुन उपज 25 कट्टो में भरकर मंडी बेचने हेतु लाए जो अलग अलग दामों पर बिका जिसमें से एक कट्टा लहसुन बड़े शातिर तरीके से चुराते हुये निर्भय सिँह नमक युवक को किसानो ने रंगे हाथो पकड़ा और मंडी के सुपुर्द कर दिया जिसे बाद में पुलिस के हवाले कर दिया गया। ज्ञात हो कि मंडी में लगातार किसानो की फसल इसी तरह शातिर तरीके से चोरी हो रही है। मंडी प्रशासन को इस और ध्यान देने की आवश्यकता है।

### सारे काम छोड़ दो सबसे पहले मतदान दो का लिया संकल्प

## नेत्रदान समिति के सदस्यों ने पक्षियों के लिए बांधे सकोरे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

नरसिंहगढ़ में नेत्रदान समिति के सदस्यों सहित हर महीने जागरूकता अभियान के लिए एक्टिविटी की जाती है। समाजसेवी का नताशा मोहित गुप्ता ने बताया कि तेज गर्मी के चलते हम सब मिट्टी के सकोरा तैयार कर शाहा के बगीचा एवं नेहरू पार्क एवं अन्य जगह पक्षियों के लिए खाना पानी की व्यवस्था की और यह हम सब मानव का कर्तव्य है कि हम छोटे पक्षियों का भोजन पानी की व्यवस्था अपनी छत अपने बालकनी में भी कर कर सकते हैं एवं सभी महिलाओं ने सारे काम छोड़ दो सबसे पहले मतदान दो का दिया संदेश। समाजसेवी का नताशा मोहित गुप्ता बताती हूं कि हमारे एक वोट से हमारे भविष्य का निर्माण होता है एवं हमारा कर्तव्य है कि हम खुद मतदान करें एवं अपने परिवारजन एवं अपने पड़ोसी को भी मतदान करने हेतु जागरूक करें ताकि हम श्रेष्ठ भारत का निर्माण कर पाएं हमारे एक एक वोट के लिए महीनों से मेहनत कर रहे सभी पुलिसकर्मी शिक्षक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सभी लोग हमारे एक-एक वोट के लिए महिनों से अपना कर्तव्य निभाते हुए तेज गर्मी में अपना कर्तव्य निभा रहे हैं। उन सबको नेत्रदान समिति की ओर से बहुत-बहुत धन्यवाद हम सब का मानव का भी कर्तव्य है हम भी मतदान करें और सबको मतदान करने हेतु जागरूक करें सदस्यों के नाम शिल्पा गुप्ता शानू गुप्ता शोभा भंडारी साक्षी भंडारी सीना गुप्ता रानी गुप्ता ज्योति गुप्ता नैना शर्मा वर्षा परतानी गरिमा बंसल सपना गुप्ता मानसी गुप्ता बुलबुल नगर टीना गुप्ता समाज सेविका नताशा मोहित गुप्ता एवं बच्चे मौजूद रहे।

### फूलमाली समाज परगना पंचायत का सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित

## 19 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में, राज्यमंत्री सहित समाज के पदाधिकारियों ने दिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



फूलमाली समाज परगना पंचायत तलेनी के तत्वावधान में रविवार को मास्टर माइंड स्कूल प्रांगण तलेनी में 20वां सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में जिले सहित अन्य जिलों से 19 जोड़े शामिल हुए। जिनका विद्वान पंडित शरद आचार्य सहित अन्य पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोंच्चार के साथ पाणिग्रहण संस्कार सम्पन्न कराया गया।

फूलमाली महापंचायत प्रदेश अध्यक्ष हरीनारायण माली, महामंत्री ओम पुष्पद, मंत्री मनोज पुष्पद सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा तलेनी पंचायत अध्यक्ष जगदीश पुष्पद परगना पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण पुष्पद परगना सचिव महेश पुष्पद सम्मेलन अध्यक्ष बद्रीलाल पुष्पद का साफा बांध कर तथा प्रशस्ति-पत्र भेंट कर सम्मान किया। वहीं सम्मेलन समिति द्वारा राज्य मंत्री गौतम टेटवाल नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा सहित सभी पार्षदों एवं फूल माली महापंचायत प्रदेश अध्यक्ष हरि नारायण माली व उनकी टीम तथा फूल माली समाज जिला अध्यक्ष जगदीश पुष्पद व उनकी टीम एवं सकल पंच सारंगपुर के मोहल्ला पंचायत अध्यक्ष प्रेमनारायण पुष्पद कैलाश वर्मा शिवनारायण पुष्पद धनसिंह पुष्पद देवनारायण पुष्पद कैलाश पुष्पद भगत नवयुवक संघ अध्यक्ष अमित पुष्पद सहित अन्य अतिथियों का दुपट्टा पहना कर एवं महात्मा फुले दंपति का चित्र भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री टेटवाल ने वर वधुओं को आशीर्वाद देते हुए कहा कि आपका दांपत्य जीवन भगवान लक्ष्मी नारायण राधे कृष्ण सीताराम शंकर पार्वती जैसा अजर अमर रहे। साथ ही समाज द्वारा आयोजित सम्मेलन की सराहना की। फूलमाली महापंचायत प्रदेश अध्यक्ष माली ने वर वधुओं का आशीर्वाद देते हुए कहा कि समाज में व्याप्त कुरूतियों को दूर कर फिजूल खर्ची को रोकने का सबसे अच्छा उपाय सामूहिक विवाह सम्मेलन में विवाह करना है। जिसके लिए आयोजन समिति को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज का संगठन मजबूत होता है।

अतिथियों द्वारा नव दांपत्य जीवन में प्रवेश करने वाले सभी वर वधुओं को आशीर्वाद दिया कार्यक्रम का संचालन नंदकिशोर पुष्पद ने किया तथा आभार समाज अध्यक्ष जगदीश पुष्पद ने माना बंशीलाल पुष्पद ने सभी जोडो को एक एक दिवार घड़ी भेंट की गई। इस दौरान ब्यावरा परगना पंचायत अध्यक्ष नरसिंह पुष्पद परगना सचिव महेश पुष्पद रामचरण पुष्पद फूलमाली सोशल ग्रुप प्रदेश महामंत्री दीपक पुष्पद जिला अध्यक्ष अजय पुष्पद राधेश्याम आदि ने वर वधु को आशीर्वाद दिया।